nandgaon times    jan-06-4.qxd    1/5/2025    11:13 PM    Page 1

रामायण को सिर्फ सुने ही नहीं, अपितु... पृष्ठ 2 | बचपन की यादें कार्यक्रम को कलेक्टर... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 06 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 85, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए






नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


# गरियाबंद में 338 करोड़ के 193 विकास कार्यों का लोकार्पण - भूमिपूजन

## बेलाट नाला पर पुल निर्माण की घोषणा, 36 गांवों को मिलेगी आवागमन सुविधा



**रायपुर।** वनांचल क्षेत्रों को विकास के दौड़ में आगे लाने हमारी सरकार दृढ़प्रतिज्ञ : मुख्यमंत्री वनांचल क्षेत्रों को विकास के दौड़ में आगे लाने हमारी सरकार दृढ़प्रतिज्ञ : मुख्यमंत्री वनांचल क्षेत्रों को विकास के दौड़ में आगे लाने हमारी सरकार दृढ़प्रतिज्ञ : मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के जीवन में विकास का उजियारा लाने की बड़ी पहल की है। पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। गरियाबंद विशाल वन क्षेत्र और प्राकृतिक सुंदरता से समृद्ध जिला है। यहां बड़ी संख्या में विशेष पिछड़ी जनजातियां निवास करती हैं, जिनकी विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार मोदी की गारंटी के हर वायदे को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज गरियाबंद जिले के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित आमसभा को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर 338 करोड़ रुपए के 193 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इनमें 119 करोड़ रुपए के 44 कार्यों का लोकार्पण तथा 219 करोड़ रुपए के 149 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

उन्होंने इस मौके पर जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र देवभोग-झाखरपारा के 36 गांवों के लोगों की सुविधा के लिए बेलाट नाले पर पुल निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में 99 हितग्राहियों को कृषि पंप, मछली जाल सहित एक करोड़ 27 लाख रूपये विभिन्न सामग्रियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों में पात्र लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत 2 हजार 528 से अधिक आवास गरियाबंद में हमारे कमार जनजाति के लोगों के लिए स्वीकृत किये गये हैं। गरियाबंद जिले में ही इस योजना के माध्यम से 58 करोड़ रुपए की लागत से 49 सड़कें बन रही हैं। सड़कों के पूर्ण होने से कमार जनजाति की बसाहटें अब मुख्यधारा से जुड़ जाएगी, कमार जनजाति के बच्चे अब आसानी से उच्च शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। कमार बसाहटों तक आसानी से जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस पहुंच पाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब हमने कुंभ मेले का आयोजन राजिम में आरंभ कराया था तब त्रिवेणी संगम की इस नगरी में पूरे देश से संतों का समागम हुआ। राजिम का यश और बढ़ा। दुर्भाग्य से पूर्ववर्ती सरकार ने इसकी गरिमा कम कर दी। हमारी सरकार ने इसे फिर से उसी भव्य रूप में आरंभ किया है। अगले महीने राजिम कुंभ का आयोजन पुन: होगा। इस बार भी पूरी भव्यता से इस सुंदर समारोह का आयोजन हम करेंगे। राजिम में संत-समागम होगा और हम सब इस सत्संग का लाभ प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सिकासार कोडार लिंक परियोजना के सर्वे का कार्य तेजी से हो रहा है। 112 किमी अंडर ग्राउंड नहर लाइनिंग का कार्य पूरा होने पर गरियाबंद जिले के हजारों किसान लाभान्वित होंगे।





सुपेबेड़ा के किडनी के मरीजों के लिए डायलिसिस सुविधा के लिए जिला मुख्यालय एवं देवभोग में डायलिसिस सेंटर आरंभ किये गये हैं। इस समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए स्वास्थ्य विभाग को अनुसंधान के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला प्रशासन के नवाचार कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ माँ के नाम लगाने का अभियान आरंभ किया। इसमें एक ही दिन में गरियाबंद की माताओं-बहनों ने 87 हजार से अधिक पौधे लगाकर लिम्का बुक आफवर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा दिया। इसके लिए सभी माताओं-बहनों को बहुत बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे नतीजों के लिए यहां गौरव गरियाबंद अभियान चलाया जा रहा है। डिजिटल क्लास रूम और स्टूडियो के माध्यम से भी छात्र-छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है, यह अच्छी पहल है। कार्यक्रम को जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, लोकसभा क्षेत्र महासमुंद की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, राजिम क्षेत्र के विधायक श्री रोहित साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )। सुंदरकांड महाकुंभ दशम दिवस हुई भजन संध्या

# 6 जनवरी को इंदिरा नगर नाले की समास्या के निराकरण एवं महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाएं नगर निगम आयुक्त से मिलकर रखेंगी अपनी बात - राजेश गुप्ता चंपू

### नाले की समास्या पूर्ण नहीं होने पर निगम चुनाव का होगा बहिष्कार - चंपू



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज इंदिरा नगर वार्ड वासियों द्वारा एक आवश्यक बैठक निवृतमान पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के अध्यक्षता में इंदिरा नगर स्थित मंगल भवन में रखी गई थी।उक्त बैठक में वार्ड के नागरिकों द्वारा पार्षद राजेश गुप्ता चंपू से कहा कि हमारे इंदिरा नगर स्थित नाले का क्या हुआ ?बतातें चले कि वार्ड इंदिरा नगर झूलेलाल वार्ड नं 41 स्थित नाले में हुए व्यापक स्तर पर हुए भ्रष्टाचार को लेकर एवं नाले के आसपास रसूखदारों के द्वारा किए गए अवैध कब्जा को हटाने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के उपास्थि व मार्गदर्शन में दस पार्षदों के समर्थन से 31;जुलाई2024 को पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के अगुवाई में बरसते पानी में वार्डवासियों ने नगर निगम गेट के पश्चात महावीर चौक स्थित हनुमान मंदिर के सामने फ्लाईओवर के नीचे धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन शुरू किया गया था और तब के नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने वार्ड वासियों के मांग का समर्थन करते हुए अनशनकारियों को लिखित में आश्वासन दिया गया था कि वर्षा ऋतु खत्म होने के सप्ताह भर बाद उक्त मांगों को पूर्ण की जायेगी।तब पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने वार्ड वासियों की सहमति से अनशन को खत्म किया था।आज की बैठक की जानकारी देते हुए निवर्तमान पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने बताया कि हम लोग निगम प्रशासन के द्वारा अपने आप को ठगे हुए महसूस कर रहें हैं।शहर के विधायक छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह द्वारा इस नाले के जिर्णोद्धार के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किया गया था नाले की स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है।इस विषय को लेकर विधानसभा अध्यक्ष माननीय रमन सिंह जीको भी अवगत कराया कराया जा चूका है।श्री चंपू के अनुसार इंदिरा नगर वार्डवासियों ने एक मत से प्रस्ताव पारित किया गया है कि इंदिरा नगर नाले की समास्याओं के निराकरण के लिए अगर शासन -प्रशासन -निगम प्रशासन से कोई पहल नहीं की जाती है तो मजबूरन हमें नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार करने के लिए विवश होना पड़ेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन की होगी।राजेश गुप्ता चंपू ने बताया कि बैठक में महतारी वंदना योजना से वंचित महिलाओं ने शासन से गुहार लगाई है कि महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं का नया फार्म भरने विष्णु देव सरकार जल्द से जल्द आदेश जारी करे ताकि छत्तीसगढ़ शासन के इस जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचितों को भी लाभ मिल सके इस बाबत् भी सोमवार दिनांक 6/01/2024 को राजेश गुप्ता चंपू के नेतृत्व में नगर पालिक निगम पहुंचकर मांगपत्र सौंपा जाएगा।उक्त जानकारी हरीश गुप्ता ने दी।

### विधानसभा अध्यक्ष जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 6 जनवरी 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 6 जनवरी को सुबह 11.30 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे दिग्विजय कालेज के सामने आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे दोपहर 2.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। दोपहर 2.15 बजे से शाम 4 बजे तक का समय आरक्षित रहेंगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 4 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से प्रस्थान कर शाम 4.15 बजे ग्राम धामनसरा पहुंचकर स्वर्गीय शहीद मुकेश सोरी के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम 4.45 बजे ग्राम धामनसरा से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



# शिव महापुराण कथा हालेकोसा में श्रद्धालुओ की उमड़ी भीड़









**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम हालेकोसा में श्री शिवमहापुराण कथा में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने शिवभक्तों को कथा यापन में कहा कि भगवान भोले शंकर कभी नहीं देखते कि कितना धन है, तुम्हारे पास। इसका कोई मायने नहीं रखता, वो तो दिल और मन का भाव देखते हैं। भक्ति में शिव है, शिव भक्तों को कभी निराश नहीं करते।



ब्लाक मुख्यालय छुरिया से पांच किलोमीटर दूर ग्राम हालेकोसा में चार जनवरी से दस जनवरी तक सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ हुआ। कथा में में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा को सुनने हजारों की संख्या में श्रोतागण कथा का रसपान करने पहुंचे। दोपहर होते ही पूरा पंडाल शिवभक्तों से भर गया। दोपहर दो बजे शिव महापुराण कभा का पं. प्रदीप मिश्रा ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कथा प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 का यह पहला शिव महापुराण कथा का आयोजन हो रहा है। एक छोटे से गांव में दिनेश साहू एवं गांव वालों के सहयोग से ऐसा आयोजन होना आप सभी का भगवान शिव के प्रति आस्था को दर्शाता है। कथा में आगे कहा कि भगवान भोले शंकर का स्मरण करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं. शिवलिंग पर एक लोटा जल चढ़ाने से शिवभक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। शिवमहापुराण की कथा ने क्या दिया विश्वास और भरोसा दिया, हम कभी हार नहीं सकते। धन वैभव तप साधना गाड़ी बंगला होने से क्या होता है जब भगवान शंकर भक्ति आपके भीतर नहीं है तो सब सून्य है। भगवान शंकर तो प्रेम, स्नेह और करुणा देखते है। और सारी समस्या का हल स्वयंमेव हो जाता है। उन्होंने बताया कि शिवमहापुराण कथा का दूसरे दिन से आयोजन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक हुआ । शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन आज लोग पंडाल के बाहर बैठकर सड़कों पर बैठकर कथा का श्रवण किए इतनी भीड़ बढ़ गई कि लोगों को पंडाल से बाहर बैठकर कथा सुनना पड़ा।



nandgaon times jan-06-4.qxd 1/5/2025 11:13 PM Page 2



# रामायण को सिर्फ सुने ही नहीं, अपितु आत्मसात भी करें - डॉ. बी. एन. जागृत

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** रामायण एक ऐसा धर्म ग्रंथ है जिसे दिल से सुनकर, पढ़कर आत्मसात किया जाए तो पूरी धरती ही स्वर्ग बन जाए । रामायण में जहां एक तरफ यह बताया गया है की परिस्थितिया चाहे जो भी आ जाए अपने कर्तव्य से पीछे ना हटे, भगवान श्री राम का नाम लेना बहुत अच्छी बात है पर उनके आचरण को अपनी जिंदगी में डाल लेना बहुत बड़ी बात है क्योंकि जो चरण होते हैं मंदिर तक ले जाते हैं और आचरण जो होते हैं वह भगवान तक ले जाते हैं । उक्ताशय के विचार ग्राम जोंधरा में आयोजित दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता के उद्घाटन में पहुंची डॉ.बी.एन.जागृत प्राध्यापक दिग्विजय महाविद्यालय ने व्यक्त किये । उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग जब मर्यादा पुरुषोत्तम राम की तरह मर्यादा का पालन करेंगे तो समाज में सुख और शांति होगी अन्यथा यह तो वही बात होगी शास्त्र पढ़ाये विविध विधि, दुर्जन साधु न होय, ज्यो सीचे दुग्ध घृत नीम न मीठी होय । वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नायब तहसीलदार डोंगरगांव जे.पी. खुंटे ने कहा कि धर्म ग्रंथो से हमें प्रेरणा ही मिलती है धर्म ग्रंथ में झूठ का स्थान नहीं है धार्मिक आयोजन से हमें सीख मिलती है कि हम जीवन को कैसे अच्छा बना सकते हैं रामायण पर उन्होंने कहा कि इस ग्रंथ में वर्णित हर चरित्र आत्मसात करने के लिए ही है। प्रभु राम के पिता दशरथ जी ने जब अपनी दाढ़ी पर सफेद बाल देखा तो उन्होंने राजपाठ का परित्याग करने की सोची । प्रभु राम आज्ञाकारी पुत्र के रूप में जाने गये । माता सीता को राम के साथ न जाने के लिए मनाया गया पर उन्होंने अच्छी पत्नी का कर्तव्य निभाया। हम हर पात्र को देख ले रामायण में हम पर वह हर चरित्र एक



अमिट छाप छोड़ता है । वही ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेंद्र मेश्राम ने कहा की शील, सदाचार सब कुछ रामायण में है, हमारा दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन जरूर सार्थक होगा जब हम दिल से अपने लिए यहां से कुछ लेकर जाएंगे । विशिष्ट अतिथि डिप्टी रेंजर खुज्जी मुक्तेश्वर वर्मा ने कहा कि जिंदगी में किसी भी व्यक्ति को परफेक्ट नहीं कहा जा सकता एक इंसान में एक अच्छाई है तो दूसरी अन्य कुछ बुराइयां होती ही है इस तरह के आयोजनों में आकर यहां मिलने वाली शिक्षा से हमारे बुरे विचारों की धुलाई होती है । वहीं जिला पंचायत सदस्य हृदयराम चंद्रवंशी ने कहा कि रामायण का आयोजन मानवता की सीख है जहां दया, प्रेम, त्याग सहिष्णुता, क्रोध, क्षमा और त्याग का मिश्रण है उन्होंने भी उपस्थित जनसमूह को इससे सीख लेने की प्रेरणा दी । वहीं आयोजक समिति के अध्यक्ष संपत बलपेला ने आभार प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का सफल संचालन पत्रकार राजेश मेंश्राम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अप्पू खां, माधोसिंह उके, क्षत्रिय कुमार सलामे, अयूब खां, फावा राम साहू, मानदास सिन्हा, सुनउराम सलामें, जीतूराम चंद्रवंशी, भुवनेश्वर दमगरे, लल्लू राम कौशिक, सालिकराम साहू, ईश्वर सिंह जागृत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे हैं

**सावित्रीबाई फुले को किया गया स्मरण**

देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को ग्राम जोंधरा में आयोजित रामायण प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर स्मरण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया । विदित हो 3 जनवरी को ही सावित्रीबाई फुले की जयंती थी । इस अवसर पर मंच पर आसीन अतिथियों ने शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले के योगदान पर अपने संक्षिप्त विचार रखे । उन्होने कहा कि यदि सावित्रीबाई फूले नहीं होती तो स्कूलों में सिर्फ पुरुष ही शिक्षा के रूप में नजर आते, बालिका शिक्षा को लेकर सावित्रीबाई फुले को जीवन पर्यंत स्मरण किया जाएगा।

## राजीव दीक्षित मंच व कायस्थ महासभा ने पुष्प वर्षा कर विद्यार्थियों का किया अभिनंदन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** साहित्यिक तपोभूमि नगरी राजनांदगांव में प्रदेश भर से एकत्रित छात्रों की शोभायात्रा निकलने पर राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ तथा छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा के संयुक्त आयोजन द्वारा पुष्प-वर्षा करते हुए छात्रों का स्वागत और अभिनंदन किया गया।



गौरतलब हो कि साहित्यिक तपोभूमि नगरी राजनांदगांव को बाईस वर्षों के उपरांत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सत्तावनवें तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय छात्र सम्मेलन के आयोजन का दायित्व मिलने पर प्रदेश भर से पहुंचे छात्रों के द्वारा सम्मेलन में उपस्थिति दी जाकर शहर में शोभायात्रा जुलूस निकाला गया था, जिनका पुलिस पेट्रोल पंप के पास पुष्प-वर्षा करते हुए मां भारती की जय, वंदेमातरम, छात्रशक्ति-राष्ट्रशक्ति, आज का विद्यार्थी-कल का राष्ट्र निर्माता और राजीव दीक्षित अमर रहें, जय स्वदेशी, स्वदेशी से स्वावलंबी भारतवर्ष, स्वदेशी से स्वाभिमानी भारतवर्ष का नारा लगाते हुए छात्र-नेताओं का पुष्पहार से स्वागत करते हुए शोभायात्रा पर पुष्पों की वर्षा करते हुए अभिनंदन और स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व पार्षद श्रीमती जमुनादेवी साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती आभा श्रीवास्तव सहित मंच और महासभा के सदस्यों धीरज द्विवेदी, प्रभाकर श्रीवास्तव, मेघनाथ साहू (मुक्कू भाई), राजू श्रीवास्तव व राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़ कायस्थ महासभा के संस्थापक अध्यक्ष आनन्दकुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे।



राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)। सावित्री बाई जी फूले की जयन्ती पर ,गेट उप मे हमारे राजनांदगांव के मित्र सामाजिक कार्य कर्ता समीर प्रफुल लक्ष्मणराव हुतके की पुत्री कु शरणया समीर शितल हुतके को KG1 ड्रेस get-up में पहला नंबर

# भगवान राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष गाठ शुभ अवसर पर 11 जनवरी को पर घर-घर जलाये 21 दीपक

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** अयोध्या में इस बार श्री राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अगले वर्ष की गई थी जो कि इस बार हिन्दू पंचाग के अनुसार भगवान राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्ष गांठ 11 जनवरी को मनाई जायिगी इस शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने सभी प्रदेश व शहर वासियों से दिनांक 11 जनवरी को अपने अपने घरों में शाम 6 बजे 21 दीपक घर-घर जलाने की अपिल की प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया की सनातन धर्म सेवा परिवार द्वारा पिछले साल 22 जनवरी भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिन को दिग्वीजय स्टेडियम में 5 लाख दीपक जलाकर दीप महाउत्सव मनाकर पुरे छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक माहोल बनाया था। जिसके लिए सनातन धर्म सेवा परिवार को यू.एस पुरूष्कार से सनातन धर्म सेवा परिवार को दिग्वीजय स्टेडियम में प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान भी किया गया



था। इस बार भी सनातन धर्म सेवा परिवार द्वारा 5 लाख दीपक जलाकर जिसमें दिग्विजय स्टेडियम में भगवान शिव जी की आकृति भगवान शिवलिंग में जल चढ़ाते हुए व हिन्दुस्तान का मानचित्र पूरे दिग्विजय स्टेडियम में सनातन संस्कृति के साथ दीपक से बनाकर सेवा परिवार द्वारा तयारी पूर्ण की गई थी जिसके लिए अयोजन समिति ने दिग्वीजय स्टेडियम की मांग की गई थी । दीप महोत्सव के लिए दिग्विजय स्टेडियम चारों तरफसे घिरा होने के कारण दर्शक दीर्घा को देखने के लिए गैलरी से देखने के दीपक को जलाने के लिए हवा से बचाव हेतु लिए बहुत अच्छी व्यवस्था होती है । अतः जिला प्रशासन की इस धार्मिक आयोजन राष्ट्रीय महत्व से जुड़े इस दीप महोत्सव धार्मिक आयोजन की अनुमति नही दिये जाने के कारण यह दीप महोत्सव नही किया जाएगा जिससे शहर की सनातन प्रेमी जनता निरास है। सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने इस शुभ अवसर पर 11 जनवरी को भगवान राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के शुभअवसर पर सभी छत्तीसगढ़ प्रदेश व शहर के सभी सनातनी प्रमियों से 11 जनवरी को भगवान राम जी की धूम धाम से पूजा अर्चना कर 21 दीपक घरों के सामने जलाकर भगवान राम लला के मधुर भजनों के साथ धूमधाम से प्रथम वर्षगांठ मनाने की अपील की।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** खमतराई और तेलीबांधा थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। धनलक्ष्मी नगर भनपुरी निवासी प्रार्थी टी.उदय कुमार 30 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनजेड 0898 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में गीतांजली नगर खम्हारडीह निवासी रामविलाश महानंद 37 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीयू 2823 को जलविहार कालोनी के पास खड़ी किया था।



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विधानसभा के अंतर्गत मुख्य मार्ग नेशनल हाइवे से खुटेरी -भर्रेगांव मार्ग जानलेवा गड्डे ।

## पार्षद शरद सिन्हा के नेतृत्व में एबीवीपी शोभायात्रा का भव्य स्वागत

**प्रांतीय अधिवेशन में पधारे समस्त छात्र शक्ति का हुआ हार्दिक अभिनंदन**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा के प्रमुख अनुसांगिक संगठनों में से एक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का प्रांतीय अधिवेशन राजनांदगांव में यादगार रहा। इस अधिवेशन के अंतिम दिन विराट शोभायात्रा निकाली जिसमें भारतीय वेशभूषा और भारतीय संस्कृति की झलक से नगर वासी गौरवान्वित हो उठे। यह शोभायात्रा में हजारों सदस्य पदाधिकारी शामिल हुए और बाजे गजे की धुन पर कई तो थिरकते नजर आए। स्वागत के लिए कई नागरिक संगठनों ने पहले से ही व्यवस्था कर ली थी। इसी कड़ी में पार्षद शरद सिन्हा और साइंस कॉलेज के अध्यक्ष रवि सिन्हा के नेतृत्व में गुरुद्वारा रोड के समीप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में संस्कारधानी राजनांदगांव में पधारे समस्त छात्र शक्ति का हार्दिक अभिनंदन के दौरान भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शरद सिन्हा पार्षद, रवि सिन्हा साइस कालेज अध्यक्ष, दीपक सिन्हा प्रदेश संरक्षक, रमेश सोनवानी ओबीसी मोर्चा, नाथूराम सिन्हा, मंडलेश्वर शहर, हिमांशु सिन्हा, पहलाद सिन्हा, मारुति सिन्हा, बंसी लाल सिन्हा, राधेलाल सिन्हा, आसाराम सिन्हा, विजय सिन्हा, अमन सिन्हा, चंद्रिका सिन्हा पूर्व मंडलेश्वर, एवं अन्य सिन्हा साथी उपस्थित थे।

## सप्ताह के सितारे (06 जनवरी 2025)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 4 - 8 - 9 | 24-42-49-94-89-98 |
| मंगल | 1- 2 - 7 - 0 | 12-21-17-71-10-01 |
| बुध | 1 - 3 - 9 - 0 | 19-91-10-01-90-09 |
| गुरू | 2- 7 - 8 - 0 | 27-72-20-02-80-08 |
| शुक्र | 3 - 4 - 7 - 8 | 14-41-47-74-40-04 |
| शनि | 3 - 7 - 9- 0 | 79-97-70-07-37-73 |

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 3 - 5 - 6 - 8

सप्ताह का वरदान -0 स्पेशल - 34- 57 -69 -68

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 15 - 16 - 18 | (6) 63 - 65 - 66- 68 |
| (2) 23 - 25 - 26 - 28 | (7) 73 - 75 - 76 - 78 |
| (3) 33 - 35 - 36 - 38 | (8) 83 - 85 - 86 - 88 |
| (4) 43 - 45 - 46 - 48 | (9) 93 - 95 - 96 - 98 |
| (5) 53 - 55 - 56 - 58 | (10) 03 - 05 - 06 - 08 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 72-34-21-32-21-42 | 50-22-16-82-36 |
| 58-84-00-67-06-98 | 03-52-58-30-08 |
| 03-82-29-90-14-66 | 52-31-89-77-76 |
| 02-40-92-85-00-88 | 83-54-89-92-24 |
| 39-94-44-58-11-63 | 22-40-60-13-54 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# नववर्ष डांस महोत्सव शानदार 19 वर्ष





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नववर्ष के उपलक्ष्य में बहुत ही भव्य और विशाल रूप में डांस महोत्सव कार्यक्रम रांयल फ्रेंड्स क्लब तत्वाधान में भोथीपार खुर्द नाया पारा (राजनांदगांव) सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संसद श्री संतोष पाण्डे जी उपस्थित थे एवं अध्यक्षता के लिए शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा जी और विशेष अतिथि पुर्व युवा अयोग श्री जितेन्द्र मुदलियार जी एवं पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव जी उपस्थित थे और वरिष्ठ कांग्रेसी राजु ख़ान,मनिष साहू, कुंदन चंद्राकर,कृत पटेल, चित्रगंद साहू विजय साहू,सरपंच दिव्य केशव हिरवानी जी,पंच अनिता साहू, आंगनबाड़ी मेडम चित्ररेख साहू जी, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रुमलाल साहू जी उपाध्यक्ष महेश देवांगन जी और सचिव जगेसर सिन्हा जी उपसचिव धर्मेन्द्र साहू जी एवं सभी सदस्य धर्मेन्द्र साहू (रांकी) बिजे साहू। साहू समाज के अध्यक्ष भुवाल साहू जी उपाध्यक्ष हरि राम साहू जी कोषाध्यक्ष सुरेश साहू जी सचिव मनसिग साहू जी उपसचिव गोपाल साहू जी संरक्षक चम्पा साहू जी सदस्य गण युगलाल साहू जी मनु राम साहू जी, उपस्थित थे ।माता सरस्वती कि पुजा अर्चना किया गया और पुर्व रांयल फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष स्व.रामलाल साहू जी को दो मिनट के लिए मोन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम रात्रि 10 बजे सुरु हुए और एक से बढ़कर एक प्रतिभागी अपने प्रतिभा दिखया जिसमें सामूहिक डांस में प्रथम हमर छत्तीसगढ़ डांस ग्रुप सरायपाली बसना दुसरा दुर्ग से तिसरा जांजगीर चांपा चैथा भिलाई पांचवां तरीगोदी युगल डांस प्रथम श्याम व खुश्क महासमुंद दुसरा पुलगांव तिसरा राजनांदगांव चोथा मारी मोहला एकल डांस प्रथम बिलासपुर दुसरा सागर कुमरदा तिसरा रायपुर चैथा खैरगढ़।45 पार्टी प्रतिभागी अपने प्रतिभा दिखया और यह अयोजन में उद्घोषक में दललीराजहार विजय जैन निर्णायक में प्रिंस एवं पुरुषोत्तम यादव जी रांयल फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू रांकी उपाध्यक्ष डिकेश साहू,एकेश साहू कोषाध्यक्ष भुवाल साहू सचिव विकास साहू उपसचिव कोमेश साहू संरक्षक धर्मेन्द्र साहू नरेंद्र साहू चन्दु पुनम साहू साहू राजु साहू बिजे साहू मेघनाथ कैशिक सदस्य लिखन साहू, गुलशन साहू, चुम्मन साहू, प्रितम साहू देव कुमार साहू, खुसत साहू और हमारे ग्राम के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# ग्राम धामनसरा में न्यु हैप्पी क्लब के तत्वावधान में डांस प्रतियोगिता आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा में न्यु हैप्पी क्लब के तत्वावधान में डांस प्रतियोगिता आयोजन रखा गया था जिसमें शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह छाबड़ा जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्षता जितेन्द्र मुदलियार पूर्व अध्यक्ष युवा आयोग छत्तीसगढ़ विशेष अतिथि रोहित चंदाकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच मनीष साहू पाषर्द अमित कुशवाह पाषर्द प्रतिनिधि चेतन भानुशाली कुंदन चंदाकर पूर्व उपसरपंच मुड़पार कृतलाल पटेल उपसरपंच ढालू राम पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति जानू पटेल संजय शोरी के अतिथि में मां सरस्वती तैल चित्र माल्यार्पण पुजा अर्चना कर डांस प्रतियोगिता शुभारंभ किया गया सामुहिक नृत्य में स्वारजंली डांस गुप्र रतनपुर प्रथम हमर छत्तीसगढ़ डांस गुप्र सरायपाली द्वितीय प्रतिभा डांस गुप्र जांजगीर चांपा तृतीय सरगम डांस गुप्र निपानी चतुर्थ सखी डांस गुप्र रानीतरई पंचम युगल वर्ग में देवार देवारिन डांस गुप्र जतम ई घटारानी प्रथम दामिनी मितलानी गंधरी द्वितीय मनीषा टोमिन भंडारी भरदा तृतीय त्रिवेणी डांस गुप्र आमदी चतुर्थ एकल वर्ग सौम्या कोराम रायपुर प्रथम देवांशी वर्मा अर्जुनी द्वितीय वृंदा राधा पिथौरा तृतीय भूमिका राजनांदगांव चतुर्थ विशेष पुरस्कार बेस्ट अनुशासन राधाकृष्ण डांस गुप्र बिरेझर बेस्ट डांस करण मंगल पुलगांव दुर्ग बेस्ट वेशभूषा नृत्या डांस गुप्र भिलाई बेस्ट निर्णायक चुरामन पटेल पुरण साहू उद्घोषक भूपेंद्र निषाद क्लब अध्यक्ष अजय पटेल उपाध्यक्ष टिकेश्वर पटेल संरक्षक लोकेश पटेल सचिव शाहिल मंडावी ज्ञानिक पवार सदस्य हरीश कुमार निषाद चेमन पटेल तीरथ वैष्णव भूपेंद्र पटेल सहित ग्रामीण जन बड़ी जनसंख्या उपस्थित रहा।



## ज्ञान मंथन

*1) दूसरी पीढ़ी के कम्प्यूटरों में कौन से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग किया गया था?*

*2) नासिक जिले में त्रिंबक पहाड़ियों से निकलने वाली कौनसी नदी है?*

*3) किसे मोलेसिस बेसिन भी कहा जाता है?*

*4) किस अधिवेशन में कांग्रेस नरम एवं गरम दल में विभाजित हो गई थी?*

*5) राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2024 में प्रथम पुरस्कार किसने जीता?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) ट्रांजिस्टर (2) वैतरणा (3) मिजोरम (4) सूरत (5) यतिन भास्कर दुग्गल

# बचपन की यादें कार्यक्रम को कलेक्टर व आयुक्त ने सराहा

## बड़ों के अनुभव से सीख रहे हैं बच्चे हर रविवार सुबह 7:00 से 8:00 बजे तक चौपाटी में होता रहेगा आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर में नागरिक संगठन कुछ न कुछ नवाचार करते हुए लोगों के बीच के बीच चर्चा में बने हुए हैं। इसी कड़ी में बचपन की यादें कार्यक्रम नागरिकों के बीच में प्रशंसा बटोर रहा है। यह कार्यक्रम आज रविवार को तब और चर्चित हो गया जब इस कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने शिरकत की उन्होंने इस तरह की आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि बड़ों को जहां अपनी बचपन के खेलकूद की यादें आने लगी है वही इस आयोजन में फिजिकल तौर पर और भौतिक तौर पर फिर से बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं यह आयोजन बड़ों और बच्चों के बीच की दूरियां खत्म कर रहा है। इस तरह का आयोजन के लिए उन्होंने आयोजको की प्रशंसा की है।



बचपन की यादें कार्यक्रम अब हर रविवार को चौपाटी में सुबह 7:00 से 8:00 बजे तक हुआ करेगी। इसी कड़ी में आयोजक इस आयोजन के लिए चौपाटी में अनुमति देने से देने पर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा व प्रशासक संजय अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। आयोजकों ने बताया कि बचपन की यादें कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और इस कार्यक्रम का लुफ्त भी उठा रहे हैं उक्त कार्यक्रम में दौड़ रस्सी कूद वॉलीबॉल भंवरा चलाना बाटी खेलना आदि आदि विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन यहां पर किया जाता है जिसमें जीतने वाले को उचित इनाम हर रविवार को कार्यक्रम में दिया जाता है जिससे खेल और खेलने वाले लोग और रोमांचित हो जाते हैं जिसको लेकर बड़ी संख्या में लोग चौपाटी हर रविवार को पहुंच रहे हैं।इस अवसर पर मनोज डागा, संजय तेजवानी, राजा मखीजा, अमित खंडेलवाल, डीडी वैष्णव, शुभम उपाध्याय, मुकेश देवांगन संजू नाहटा अंश मेश्राम, स्वर्ण रामटेके मुस्कान देवांगन, चैतन्य देवांगन, वंदू प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## भाजपा जिला अध्यक्षों की घोषणा : दुर्ग की कमान पुरुषोत्तम, तो रायगढ़ की अरुणधर को

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भाजपा नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति का सिलसिला जारी है। श्याम नारंग को रायपुर ग्रामीण का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रायपुर शहर के नाम पर चर्चा जारी है। दुर्ग जिले के भिलाई में पुरुषोत्तम देवांगन को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सूरजपुर जिले में मुरली सोनी को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जिला चुनाव अधिकारी गौरीशंकर अग्रवाल और पर्यवेक्षक भूपेंद्र सवन्नी ने पुरुषोत्तम देवांगन के नाम की घोषणा की है। जिसके बाद भाजपा कार्यालय में गाजे- बाजे के साथ नए जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। नए जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन विधायक रिकेश सेन और डॉक्टर सरोज पाण्डेय के काफी करीबी है। इस घोषणा बैठक में पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे भी मौजूद थे। रायगढ़ जिला भाजपा अध्यक्ष के रूप में अरुणधर दीवान के नाम की घोषणा की गयी है द्य इसके साथ ही वित्त मंत्री ओ पी चौधरी सहित 6 प्रदेश प्रीतिनिधियों की भी नियुक्ति की गयी है द्य चुनाव अधिकारी धर्मलाल कौशिक ने सप्ताह भर पूर्व रायगढ़ जिले में बैठक लेकर कार्यकर्ताओ से रायशुमारी की थी द्य कार्यकर्ताओ से मिले सुझाव को उन्होंने प्रदेश कार्यालय में दिया था द्य वहीं राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा के बाद लिफाफे में बंद नाम को लेकर आज धर्मलाल कौशिक रायगढ़ पंहुचे और लिफाफा खोलकर अरुणधर दीवान के नाम की घोषणा की द्य सूरजपुर जिले में मुरली सोनी को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा कार्यालय में चुनाव प्रभारी चंपा देवी पावले ने उनके नाम की घोषणा की। जिले के तीनों विधायक ने लिफ़ाफा खोला। लिफाफा खोलते ही पूरा भाजपा कार्यालय ढोल नगाड़े के साथ गूंज उठा। मुरली सोनी इससे पहले जिला महामंत्री थे। लेकिन अब वे जिला अध्यक्ष के दौड़ में शामिल थे।

## निधन

**श्रीमती निर्मला तिवारी**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं राष्ट्रीय लोक वर्क्स (इंटक ) के अध्यक्ष , ममता नगर निवासी वरुण तिवारी की पत्नी श्रीमती निर्मला तिवारी (65 ) का आज सुबह लगभग 9 बजे देवलोक गमन हो गया । दिवंगत श्रीमती तिवारी ने अपने पीछे दो पुत्रों - पुत्रवधुओं एवं एक पुत्री के साथ नातिन - पोतियों का भरा पूरा परिवार छोड़ा है । श्रीमती तिवारी का अंतिम संस्कार आज संध्या लखोली मुक्तिधाम में कर दिया गया । उनके ज्येष्ठ पुत्र विशाल तिवारी ने मुखाग्नि दी । मुक्तिधाम में मृतात्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रंद्धाजलि अर्पित की गई ।

# इरफान के नेतृत्व में एबीवीपी के प्रांतीय अधिवेशन शोभायात्रा का शानदार इस्तेकबाल

## अभाविप के सदस्य पदाधिकारी ने तहेदिल से किया शुक्रिया अदा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा के प्रमुख अनुसांगिक संगठनों में से एक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का प्रांतीय अधिवेशन राजनांदगांव में यादगार रहा। इस अधिवेशन के अंतिम दिन विराट शोभा यात्रा निकाली जिसमें भारतीय वेशभूषा और भारतीय संस्कृति की झलक से नगर वासी गौरवान्वित हो उठे। यह शोभायात्रा में हजारों सदस्य पदाधिकारी शामिल हुए और बाजे गजे की धुन पर कई तो थिरकते नजर आए। स्वागत के लिए कई नागरिक संगठनों ने पहले से ही व्यवस्था कर ली थी। भाजपा अल्पसंख्यक




मोर्चा के द्वारा भी जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में गुड़ाखू लाइन में स्टाल लगाकर शानदार स्वागत किया गया। भाजपा अल्पसंखक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. इरफान शेख और उनकी टीम ने किया एबीवीपी के जुलूस का स्वागत किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 57 वें प्रांत अधिवेशन के अवसर पर आज एबीवीपी द्वारा निकले गए जुलूस का जिला अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा गुड़ाखू लाइन में स्टाल लगाकर पुष्पवर्षा कर मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसमे भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री कोमल सिंह राजपूत, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री नीलू शर्मा सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष श्री इरफ़ान शेख, जिला महामंत्री ज़हीर अब्बास, जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसफ , असलम ख़ान , अख़्तर अली , मंडल अध्यक्ष नदीम बड़गुजर , सलीम कुरैशी , बजरंगदल के सदस्य भाई हेमंत राजपूत , गोपाल नायक , आसिफ़शेख , भाई धीरज हंसा, संजू भाई , तबरेज ख़ान , मुस्ताक ख़ान , भूरू बड़गुजर , बबलू साहू सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पीएम मोदी के प्रवास ने बदली जिंदगी की दिशा

**रायपुर.** एक दशक पहले अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिव्यांग बच्चों के संस्थान च्सक्षमज् के एक छोटे से दृष्टिबाधित बच्चे की प्रतिभा से मुग्ध हो गए थे. उस बच्चे का नाम था अंजन. जब अंजन ने अपना गाना सुनाया तब प्रधानमंत्री जी इतने खुश हुए थे कि उन्होंने बड़े ही स्नेहिल भाव से उसके सर पर हाथ फेरकर उसे प्रोत्साहित किया था. देश के प्रधानमंत्री का प्रोत्साहन एक बच्चे के जीवन में कितना बड़ा बदलाव ला सकता है, अंजन इसका उदाहरण है. पहले अंजन दूसरों के लिखे गीत गाता था, आज अंजन स्वयं गीत लिखता है, इसे कंपोज भी करता है और गाता भी है. अभी हाल ही में अंजन ने अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के अवसर पर एक गीत लिखा और उसे कंपोज भी किया है. दंतेवाड़ा में हर साल बारसूर महोत्सव का आयोजन होता है. इस बार के आयोजन में अंजन अपने रामलला पर लिखे गीत की प्रस्तुति देगा. अंजन अभी 11वीं कक्षा में पढ़ रहा है. अब इस संस्थान में दसवीं तक की पढ़ाई संस्थान के भीतर ही होती है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर संस्थान में सभी बुनियादी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है. उल्लेखनीय है कि सक्षम संस्था में शैक्षणिक व्यवस्था डीएमएफके माध्यम से होती है. उनका यह मानना था कि खनन प्रभावित इलाकों में विकास के कार्यों के लिए डीएमएफ के माध्यम से निधि स्थापित की जाए. आज अंजन जैसे बच्चों का सपना डीएमएफके माध्यम से पूरा हो रहा है.



# श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का समापन





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दिनांक 4,5 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय भव्य श्री रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन महाराजपुर ग्रामीणों जनों ने किया जिसमें प्रथम दिन श्रीराम मानस परिवार,कबीर मठ, नादिया, जय दुर्गा मानस परिवार,बासीन, गरियाबंद, राजहंस मानस परिवार,सोनसाय टोला,रामाटोला, एवं गायत्री मानस परिवार, महाराजपुर ने बहुत शानदार प्रस्तुति दी। उसी प्रकार दूसरे दिन खैरझिठी (महासमुंद), परमेश्वर मानस परिवार,सेम्हरतरा, जयगुरुदेव संकीर्तन मानस, श्रृद्धा महिला मानस परिवार,कचना (धमतरी) एवं स्वरांजली मानस परिवार,तुमाटोला की प्रस्तुति ने सारे दर्शकों का मन लिया। जीवन कैसे जीया जाता है श्रीराम चरित मानस के अनुसार एवं परमगति प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करने को लेकर भी अपने अपने विचार व्यक्त किए जिसका असर आम जनता में देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉक्टर अशोक कुमार कंवर, महाराजपुर, बिहार -यूपी ड्राइवर, महाराजपुर, झारखंड -कलकत्ता ड्राइवर ढाबा रणजीत यादव, महाराजपुर, मोहन गंगासागर, महाराजपुर, समस्त महिला स्वयं सहायता समूह, महाराजपुर, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला , महाराजपुर तथा समस्त महाराजपुर ग्रामीणों का सहयोग विशेष रूप से प्रशंसनीय रहा। क्षेत्र की सुप्रसिद्ध महाराजपुर मंडई में राजिम का सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक प्रयाग के कलाकारों ने सारी जनता का मन मोह लिया। प्रेषक - नरेन्द्र कुमार शुक्ल, किरनापुर। महाराजपुर कार्यक्रम से प्रेषित।

# छत्तीसगढ़ में जानें पक्षियों का महत्व लेकिन कई प्रजातियां अभी संकट में

**रायपुर।** रायपुर में हर वर्ष 5 जनवरी को राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया जाता है, जो हमें पक्षियों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता को याद दिलाता है। छत्तीसगढ़ के रायपुर में हर वर्ष 5 जनवरी को राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया जाता है, जो हमें पक्षियों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता को याद दिलाता है। पक्षी न केवल हमारी पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, बल्कि वे पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। छत्तीसगढ़ में पक्षियों की बहुत सी प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां के जंगलों और जलाशयों में सैकड़ों किस्म के पक्षी आते हैं, जिनमें से कुछ प्रसिद्ध हैं, जैसे पहाड़ी मैना, कोयल, दूधराज, मोर और बगुला। यह प्रदेश न केवल निवास स्थान के रूप में महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रवासी पक्षियों के लिए भी एक प्रमुख स्थल है। पक्षी कीटों को नियंत्रित करते हैं, बीजों का फैलाव करते हैं, और प्राकृतिक वनस्पतियों की वृद्धि में मदद करते हैं। इसके अलावा, पक्षी जलाशयों के पारिस्थितिकी तंत्र में भी अहम भूमिका निभाते हैं, जहां वे जल जीवन को बनाए रखने में मदद करते हैं। उनके बिना, पर्यावरण में असंतुलन हो सकता है।छत्तीसगढ़ में कई प्रवासी पक्षी आते हैं, जो सर्दियों आते हैं और गर्मियों में चले जाते हैं। इनमें गार्गनीज़, टफ़्टेड डक, और साइबेरियन स्टोनचैट जैसे पक्षी प्रमुख हैं। इसके अलावा, यहां विदेशी पक्षियों की भी उपस्थिति होती है जैसे कि ब्लैक स्वान, कार्लोलाइन डक, क्रिसटेड डक, और मस्कोवी डक। बस्तर के शाहवाड़ा और कोरबा के कनकी जैसे गांवों में भी एशियन ओपन बिल स्ट्रोक का संरक्षण किया जाता है।



## धर्म समाचार....

# प्रदोष व्रत पर हो रहा है इन शुभ योग का निर्माण, पूजा से मिलेगा दोगुना फल




हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत बेहद फलदायी माना जाता है। इस दिन लोग भगवान शंकर की आराधना करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस तिथि पर शिव पूजन करने और उपवास रखने से धन से जुड़ी सभी दिक्कतें दूर होती हैं। साथ ही घर में खुशहाली आती है। इस बार यह व्रत 11 जनवरी को रखा जाएगा।

पौष हिंदू कैलेंडर का दसवां महीना है, जिसका अत्यधिक धार्मिक महत्व है। इस दौरान पड़ने वाले सभी तीज-त्योहार बेहद विशेष माने जाते हैं। ऐसे में प्रदोष व्रत आने वाला है, जिसका इंतजार शिव भक्तों को बेसब्री से है। मान्यता है कि इस व्रत को भक्ति और विधिपूर्वक करने से भगवान शंकर का आशीर्वाद प्राप्त होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, दिन शनिवार 11 जनवरी को शनि प्रदोष व्रत रखा जाएगा। इस दिन कई शुभ योग का निर्माण भी हो रहा है, जिस वजह से यह तिथि और भी फलदायी मानी जा रही है, तो आइए यहां जानते हैं कि इस दिन किन शुभ योग का निर्माण हो रहा है?



**पौष प्रदोष व्रत कब है?**

वैदिक पंचांग के अनुसार, पौष मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 11 जनवरी को सुबह 08 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 12 जनवरी को सुबह 06 बजकर 33 मिनट पर इसका समापन होगा। इस दिन प्रदोष काल के दौरान पूजा की जाती है। ऐसे में 11 जनवरी को प्रदोष व्रत रखा जाएगा।

इसके साथ ही इस दिन गोधूलि बेला शाम 05 बजकर 43 मिनट से लेकर रात 08 बजकर 26 मिनट तक रहेगी, जो शिव पूजन के लिए बहुत खास है।

शनि प्रदोष व्रत शुभ योग - इस बार शनि प्रदोष व्रत पतक रहेगा। इस समय में अमृत सिद्धि योग सुबह 07 बजकर 15 मिनट से दोपहर 12 बजकर 29 मिनट तक रहेगा। इसके साथ ही विजय मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 14 मिनट से दोपहर 02 बजकर 56 मिनट तक रहेगा।इसके अलावा अमृत काल सुबह 09 बजकर 27 मिनट से 10 बजकर 58 मिनट तक रहेगा। इस समय में किसी भी प्रकार का शुभ कार्य किया जा सकता है।

**शनि प्रदोष पूजन मंत्र**

? नमः शिवाय।

? तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात॥ ऊँ हौं जूं सः ऊँ भुर्भवः स्वः ऊँ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। ऊर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ऊँ भुवः भूः स्वः ऊँ सः जूं हौं ऊँ।।

## इन 2 राशियों पर सूर्य देव रहते हैं मेहरबान, बिजनेस में मिलती है अपार सफलता




रविवार का दिन सूर्य देव को प्रसन्न और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए बेहद शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि विधिपूर्वक सूर्य देव की पूजा करने से कारोबार में बढ़ोतरी होती है। साथ ही मनचाहा करियर प्राप्त होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य देव को 2 राशियां बेहद प्रिय हैं। इनपर सूर्य देव की कृपा बनी रहती है। स्द्बद्दठ्ठ: सनातन धर्म में रविवार का दिन सूर्य देव को समर्पित है। सनातन शास्त्रों के अनुसार, रोजाना सुबह स्नान करने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य देना उत्तम माना जाता है। इससे जातक पर हमेशा सूर्य देव की कृपा बनी रहती है। साथ ही सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। धार्मिक मान्यता है कि सूर्य देव की उपासना करने से जीवन खुशियों से भर जाता है और मान-सम्मान मिलता है। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य देव की पूजा का महत्व बताया गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य देव को ग्रहों का राजा माना गया है। व्यक्ति की कुंडली में सूर्य कमजोर होने पर जीवन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है और सूर्य के मजबूत होने पर शुभ फल की प्राप्ति होती है और जीवन में नए सफलता के मार्ग खुलते हैं। वहीं, ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, 2 राशियां ऐसी हैं, जिन पर सूर्य देव की कृपा सदैव बनी रहती है और मनचाहा करियर प्राप्त होता है। ऐसे में आइए जानते हैं उन 2 राशियों के बारे में।

**मेष** - ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य देव की कृपा मेष राशि के जातकों पर सदैव बनी रहती है। इस राशि के जातकों को मेहनत का पूर्ण फल प्राप्त होता है। साहसी, उर्जावान होते हैं। जीवन में चुनौतियों का सामना करना बेहद पसंद करते हैं। सूर्य देव की कृपा से अधिक मेहनत करने में मदद मिलती है, जिससे इन्हें सफलता प्राप्त होती है।

**धनु** - मेष के अलावा धनु राशि भी सूर्य देव की प्रिय है। धनु राशि के स्वामी बृहस्पति देव हैं। इस राशि के जातकों पर सूर्य देव मेहरबान रहते हैं। सूर्य देव की कृपा से जातकों को बिजनेस में सफलता मिलती है और धन लाभ के योग बनते हैं। ये लोग आत्मविश्वास के साथ जीवन को जीना चाहते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट


स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# प्रशानिक अनुमति नही मिलने से रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित दीपोत्सव रद्द - राकेश ठाकुर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सनातन धर्म सेवा परिवार समिति (शनिदेव धाम परिवार) राजनांदगाँव द्वारा राम मंदिर अयोध्या मे बाल स्वरूप राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 के दिन दीपों की भव्य श्रृंखला का गौरवपूर्ण ऐतिहासिक आयोजन स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम मे किया गया था। तिथि मुताबिक इस वर्ष दिनांक 11 जनवरी 2025 उस ऐतिहासिक क्षण की प्रथम वर्षगांठ हैं। सनातन धर्म सेवा परिवार एवं अन्य हिन्दू हित चिन्तन संस्थाओं द्वारा इसे मनाये जाने का निर्णय हुआ। आम जनता दीप मालिका के सिंहावलोकन के लिए दिग्विजय स्टेडियम ही सर्वाधिक उपयुक्त होने के नाते हमारे द्वारा जिला प्रशासन से दिनांक 11 जनवरी 2025 हेतु स्टेडियम की मांग की गई। इस आयोजन मे बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा आने की मौखिक स्वीकृति भी दी गई थी। राजनांदगाँव किकेट एसोसिएशन द्वारा इस पर आपत्ति लगायी गई और प्रशासन द्वारा समिति को 11 जनवरी हेतु स्वीकृति से इनकार किया जा रहा है। राजनांदगाँव मे राजा दिग्विजय दास स्टेडियम का पूर्व मे निर्माण कार्य के लिए राजनांदगाँव शहर की जनता ने अपना आर्थिक सहयोग देकर इसकी स्थापना की थी, ताकि इसका उपयोग शहर की जनता, खेलप्रेमी जनता एवं खिलाड़ियों के लिए विभिन्न आयोजनों का स्थान बने और इसका बहुउद्देशीय उपयोग होता रहे। नगर की जनता ने सार्वजनिक कार्यकम एवं खेल प्रतियोगिताओं के लिए इसे एक सुविधा एवं एक साधन के रूप मे प्रोत्साहित किया है। विधानसभा अध्यक्ष एवं नगर के विधायक डॉ. रमन सिंह ने बतौर स्टेडियम इसे सुसज्जित एवं सुविधा युक्त बनाने मे आर्थिक अनुदान देने एवं इसे व्यवस्थित रखने मे व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिया है। मूल भावना यह रही कि दिग्विजय स्टेडियम सार्वजनिक एवं खेल प्रतियोगिताओं के लिए उचित माध्यम बने। एक विशेष खेल अभिकरण के द्वारा बड़े धार्मिक एवं राष्ट्रीय आयोजन के लिए प्रशासन पर पर दबाव डालने की प्रवृत्ति यह आशंका खड़ी करती है कि, सर्वजनहिताय के इस स्टेडियम को किकेट संस्थान को सुपूर्द किये जाने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। अतएव यह ध्यान अकृष्ट किये जाने का विषय है। स्टेडियम से अपना जुडाव रखने वाली नगर की जनता से यह स्टेडियम छीनकर स्टेडियम निर्माण की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया जा सकता है।समिति की महिला सदस्यों द्वारा गत 3 माह से बाती निर्माण का कार्य किया जा रहा है और अब तक लगभग 5 लाख बाती बनाने के साथ मिट्टी के दीयो का संकलन भी किया जा चुका है। इसके अलावा दीये जलाने हेतु तेल का व्यवस्था भी किया जा चुका है। एन वक्त पर जिला प्रशासन



द्वारा धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व से जुडे प्रभु राम की अयोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर आयोजित किये जाने वाले इस भव्य आयोजन को स्टेडियम मे करने की अनुमति नही दिये जाने से सनातन धर्म से जुडे समिति से जुडे सभी सदस्यों एवं नगर की धर्मप्रेमी जनता मे निराशा एवं गहरा आकोश है। पिछले साल 22 जनवरी को इसी स्टेडियम मे भव्य दीप मालिका का ऐतिहासिक आयोजन किया गया था। जिस पर सार्वधिक दीप मालिका प्रज्वलित करने हेतु यू.एस. पुरस्कार से भी समिति को सम्मानित किया गया था। वास्तव मे इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने एवं राष्ट्रीय एकता के निमित्त था। अत: प्रशानिक अनुमति नही मिलने से समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि, राम मंदिर स्थाना की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित कार्यकम को रद्द किया जा रहा है। इसका हमे खेद है। नगर के सभी सनातनी एवं धर्म प्रेमियों से विशेष अनुरोध है कि, 11 जनवरी 2025 को राम मंदिर निर्माण एवं प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संध्या समय सभी अपने अपने घरों में अधिक से अधिक दीप जलाकर रौशनी करे।



राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)। दिल्ली के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक बंटू भाई भजन प्रस्तुत करते हुए।

## इशांत वर्मा बने बजरंगसेना के नव नियुक्त शहर अध्यक्ष



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बलबद्री जमात मंदिर में 5 जनवरी को बजरंग सेना की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बजरंग सेना के राष्ट्रीय महासचिव अशोक शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी बाबा देवनाथ दास शास्त्री एवं प्रदेश महामंत्री नरेश कोचरे जी एवं जिला अध्यक्ष नरेश मरकाम की अनुशंसा पर इशांत वर्मा को बजरंग सेना का शहर अध्यक्ष मनोनित किया गया। इशांत वर्मा को वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा बधाई दिया गया एवं बजरंग सेना के नियमो से अवगत कराया गया। नवनिर्वाचित शहर अध्यक्ष को सभी कार्यकर्ताओ द्वारा बधाई दी गई।

# श्री गुरुगोबिंद सिंघ का प्रकाश उत्सव आज

## गुरबाणी कीर्तन तथा लंगर का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** धर्म और सिद्धांत हेतु प्रतिबद्ध खालसा पंथ के सृजनहार दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंघ जी का आगमन पर्व सम्पूर्ण सिख जगत द्वारा आज सोमवार 6 जनवरी को अपार हर्ष तथा उल्लास के साथ प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है ! राजनादगांव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा भी समूह सिख संगत भाइयों बहनों के सहयोग विशेष आयोजन रखे गए है ! प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंह सभा राजनांदगांव द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार सरबंशदानी गुरु गोविंद सिंघ जी के प्रकाश पूरब के उपलक्ष्य में विगत 2 माह से जारी श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की प्रात: समाप्ति उपरांत लगातार दोपहर बाद 1.30 बजे तक गुरुद्वारा में शबद कीर्तन तथा गुरबाणी की स्वर लहरियां गूंजेगी ! जिसके अंतर्गत स्थानीय जत्थे ,हजूरी रागी जत्था भाई हरप्रीत सिंह बटाला ,ग्रंथिजी भाई सतपाल सिंह तथा हजूर साहिब नांदेड़ से आमंत्रित रागी जत्था भाई जरनैल सिंह नूर गुरबाणी शबद कीर्तन के माध्यम से प्रकाश पर्व के आयोजन को सार्थक करेंगे ! अरदास समाप्ति उपरांत राइस मिल एसोसिएशन द्वारा हरमेल सिंह झझ परिवार , मनजीत सिंह बग्गा परिवार , इंदरजीत सिंह कक्कड़ परिवार तथा गुरुदयाल सिंह भाटिया परिवार के सौजन्य से गुरु का लंगर अतुट वितरित होगा ! इसी तारतम्य में संध्या का दीवान रहीरास साहिब के पाठ उपरांत देर रात तक चलेगा जिसमे रागी जत्थे अपने कर्णप्रिय भक्तिमय कीर्तन द्वारा उपस्थित संगत को भाव विभोर करेंगे ! रात्रि 11.30 बजे आरती अरदास सुखासन तथा समाप्ति उपरांत चाय नाश्ते का लंगर वितरित होगा ! गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. सुरजीत सिंह भाटिया तथा सचिव स.यशपाल सिंह भाटिया ने समूह सिख संगत भाइयों बहनों को श्री गुरु गोविंद सिंघजी के आगमन पर्व की बधाईयां देते हुए निवेदन किया है कि प्रकाश पर्व के आयोजन में उपस्थित होकर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करे !

## साहू समाज भवन का लोकार्पण 6 को सिवनी खुर्द मे, पेटेश्री मे भूमिपूजन भी



**तुमडीबोड ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के द्वारा पिछले कार्यकाल मे छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से साहू समाज के लिए राशि स्वीकृत किया गया था उसका निर्माण ग्राम सिवनी खुर्द मे पूर्ण हो चुका है, जिसका लोकार्पण व ग्राम पेटेश्री मे निर्मित होने वाले भवन का भूमिपूजन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम मे डोंगरगांव डोंगरगांव विधायक मुख्य अतिथी होंगे, कार्यक्रम मे साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण पूर्व जिला महामंत्री-अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष इन्द्रसेन साहू, परिक्षेत्रीय सचिव राजेश साहू ग्राम अध्यक्ष भागवत साहू सिवनी खुर्द, टीकम साहू बोदेला, रामबिलास साहू पेटेश्री आदि मौजूद रहेंगे। इसी दिन ग्राम पंचायत बोदेला के अंतर्गत अनेको विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन भी किया जाना है जिसमे यात्री प्रतीक्षालय, सतनाम चबूतरा, का लोकार्पण व शिवमंदिर चबूतरा, सीसी रोड आदि का भूमिपूजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, जनपद सदस्य निर्मला सिन्हा, भुवाल साहू, ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख आदि बतौर अतिथी सम्मलित होगे।

## शहीद मुकेश कुमार शोरी मूर्ति स्थापना लोकार्पण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम धामनसरा शहीद मुकेश कुमार शोरी मूर्ति स्थापना लोकार्पण कार्यक्रम 6 जनवरी को शोरी परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में न्योता भोजन प्रथामिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक छात्र छात्राओं शिक्षक न्योता भोजन 1 बजे तथा 2 बजे पुजा अर्चना किया जाएगा तथा 3 बजे स्कूल बच्चों द्वारा देश भक्ति रिकार्डिंग डांस प्रस्तुति किया जाएगा 4 बजे लोकार्पण कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ अध्यक्षता मधुसूदन यादव पूर्व सांसद राजनांदगांव विशेष अतिथि रोहित चंदाकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य राजनांदगांव राकेश कुमार ठाकुर पूर्व सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच अतिथि में मूर्ति अनावरण किया जाएगा शाम 7 बजे भक्ति संगीत धरती के श्रृंगार भोथीपार कला वाले कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा यह जानकारी संजय शोरी ने दी।

# श्री सुंदरकांड महाकुंभ के 11 वें दिवस आज अजय याग्निक का संगीतमय सुंदरकांड पाठ

## श्री हनुमान श्याम मंदिर में बह रही है भक्ति की अविरल धारा



**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** । श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ के 18वीं माला की पूर्णाहुति पर आयोजित 18 दिवसीय संत समागम एवं श्री सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ के 11 वें दिवस आज 6 जनवरी सोमवार को श्री हनुमान श्याम मंदिर में देश ही नहीं वरन् संपूर्ण विश्व में श्री हनुमान जी की महिमा का बखान करने वाले दिल्ली निवासी सुप्रसिद्ध हनुमंत भक्त अजय याग्निक की सुमधुर वाणी से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा । श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमत भक्तों की ओर से पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा , रमेश जैन एवं मयूर जैन ( छुरिया वाले ) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री हनुमान श्याम मंदिर में प्रतिदिन भक्ति की अविरल धारा बह रही है । पिछले 10 दिवस से श्री हनुमान श्याम मंदिर में भजन - सत्संग , श्री शिव महापुराण कथा एवं श्री सुंदरकांड के पाठ आयोजित हो रहे हैं । इसी श्रृंखला में आज 11वें दिवस संगीतमय सुंदरकांड का पाठ आयोजित है । आयोजन समिति ने श्रद्धालु भक्त माता - बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि इस धार्मिक महाकुंभ में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज शहर को देंगे लगभग 24 करोड रूपये की सौगात

## 0 2313.44 लाख रूपये का भूमिपूजन एवं 56.50 लाख रूपये के विकास कार्यो का करेंगे

**शहर की सडकों के दुरूस्तीकरण के लिये दिग्विजय कालेज के सामने विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में डामरीकरण का होगा शुभारंभ**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निगम सीमाक्षेत्र अंतर्गत 51 वार्डो में विकास की गंगा बहाने विधायनसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी कल 6 जनवरी 2025 को दोपहर 12:30 बजे दिग्विजय कालेज के सामने नगर निगम द्वारा आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में 2370 लाख रूपये की सौगात देंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री माननीय अरूण साव, सांसद श्री संतोष पाण्डे, कलेक्टर एवं प्रशासक श्री संजय अग्रवाल तथा जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेगे। भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी तथा उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री साव द्वारा शहर विकास के लिये करोडो रूपये की राशि स्वीकृति दी गयी। जिसके तहत शहर के 42 मार्गो के डामरीकरण के लिये अधोसंरचना मद अंतर्गत 1004.34 लाख रूपये, 68 कार्य में रोड नाली एवं अन्य कार्य के लिये अधोसंरचना एवं पर्यावरण निधि अंतर्गत 596.80 लाख रूपये, 16 एसएलआरएम सेन्टर के विकास एवं शहर में अन्य कार्य के लिये 15वें वित्त आयोग के ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन अंतर्गत 206.77 लाख रूपये तथा 73 शौचालयों का जीर्णोद्धार के लिये स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत 505.53 लाख रूपये इस प्रकार 2313.44 लाख रूपये प्रदान किये जिसका भूमिपूजन विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह द्वारा कल किया जायेगा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इसी प्रकार 56.50 लाख रूपये शासन द्वारा विधायक, सांसद निधि अंतर्गत प्रदत्त राशि से वार्ड नं. 2, 29,37,38,44 व 45 में सामुदायिक भवन व मंच का निर्माण किया गया।

# शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए कबड्डी जरूरी : कुलबीर

## ग्राम पारीखुर्द में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम पारीखुर्द में छात्र संघ क्रीड मंडल द्वारा 28 दिसंबर को एक दिवसीय रात्रिकालिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में कई नामी टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में बतौर अतिथि में रूप में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा हुए। टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आज के समय में बच्चों व युवा पीढ़ी को आगे लाने व प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए जो इस तरह का आयोजन किया जाता है वह सराहनीय



कदम है। जीवन में खेल का होना बहुत जरूरी है क्योंकि खेल जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कबड्डी खेल में शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, वहीं आयोजन समिति को खेल स्पर्धा के लिए बधाई देता हूं। आयोजित रात्रिकालिन कबड्डी मैच रोमांचक से भरा रहा जहां खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से पार्षद मनीष साहू, सरपंच बुद्धेश्वर साहू, थानूराम साहू, हीरालाल साहू, डीलूराम साहू, भीनूराम साहू, ठाकुरराम निषाद, तोरणदास साहू, डागेश्वर निषाद, उज्जवल निषाद, तरूण निषाद, उमेश निषाद, विक्की, मनीष, दानेश्वर यादव, परवीन, गोपाल निषाद, ईश्वर निषाद, डीकू पटेल, पिंटू, हिरेन्द्र महार, नीलकमल, लखन पटेल, टिकेश्वर, नीरज, प्रहलाद, नीलकंठ, खिलेन्द्र, खिलेश्वर, धरम साहू, इंद्रकुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com